आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांकः 10.11.2024   समय : 18.30 पीएम

- प्रदेश में सात विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव को लेकर चुनाव प्रचार तेज–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा सहित भाजपा कांग्रेस के प्रमुख नेताओं ने किया चुनावी सभाओं को संबोधित।
- राज्य के 7 क्षेत्रों में होने वाले विधानसभा उप चुनाव को लेकर निर्वाचन विभाग ने सभी तैयारियां की पूरी–मतदान दिवस के दिन 9 हजार सुरक्षाकर्मी रहेंगे तैनात।
- प्रदेशभर में आज आंवला नवमी का पर्व पारंपरिक श्रद्धा भाव से मनाया जा रहा है।
- राज्य के ज्यादातर स्थानों पर रात के तापमान में कमी आने से सुबह शाम गुलाबी ठण्ड का होने लगा है एहसास।

000000

प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव वाले क्षेत्रों में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता जोर शोर से पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दौसा में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में रोड़ शो किया। बाद में गांधी तिराहे पर जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मुख्यमंत्री शर्मा ने दोपहर बाद अलवर के रामगढ क्षेत्र में भी चुनावी सभा को संबोधित किया। वहीं आज केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव रामगढ़ में, पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी झुंझुनूं, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर देवली उनियारा और खेल राज्य मंत्री केके विश्नोई खींवसर विधानसभा क्षेत्र में दौरे पर रहे। उधर, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने आज रामगढ़ में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इसके बाद पायलट और पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, ममता भूपेश आदि ने दौसा में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया।

00000

प्रदेश के 7 क्षेत्रों में होने वाले विधानसभा उप चुनाव को लेकर निर्वाचन विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। इन चुनावों में मतदान दिवस के दिन सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होंगे। चुनाव को लेकर केन्द्रीय सुरक्षा बल, पुलिस, आरएसी और होमगार्ड के 9 हजार से अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया जायेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि मतदान दिवस 13 नवम्बर को इन क्षेत्रों में सघन जांच और निगरानी के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में फ्लाइंग स्क्वॉड, एसएसटी दल तैनात रहेंगे। चुनाव खर्च के लिहाज से संवेदनशील मतदान केंद्रों में अतिरिक्त निगरानी टीमें तैनात की गई है। मतदान के दौरान 1 हजार 122 मतदान केंद्रों की लाइव वेबकास्टिंग की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 7 विधानसभा क्षेत्रों के सभी 1 हजार 915 मतदान केंद्र कुल 1 हजार 366 लोकेशन पर हैं, जिनमें से 604 मतदान केन्द्र लोकेशन को संवेदनशील माना गया है। इन सभी लोकेशन पर केंद्रीय सुरक्षा बल की तैनाती होगी। गौरतलब है कि प्रदेश के रामगढ़, दौसा, झुंझनूं, सलूम्बर, चौरासी, खींवसर और देवली–उनियारा में 13 नवंबर को मतदान होगा।

00000

प्रदेश के 193 विधानसभा क्षेत्रों में आज सभी मतदान केन्द्रों पर विशेष शिविर लगाकर मतदाता सूचियों में संशोधन के लिए आवेदन लिए गये। उपचुनाव वाले सात विधानसभा क्षेत्रों को छोड़कर बाकी सभी क्षेत्रों में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण–एसएसआर–2025 के तहत ये शिविर आयोजित हुए। इस दौरान नए नाम जोड़ने, हटाने, पते और फोटो में गलती सुधार के लिए दावे और आपत्तियों के लिए आवेदन भी लिए गए। साथ ही मतदान केन्द्रों पर नये मतदाता जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है उन्हें मतदाता सूची में अपना नाम जुडवाने के लिए ऑनलाईन और ऑफलाईन प्रकिया की जानकारी दी गई। इन शिविरों में मतदान के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए मतदाता शपथ पठन, वोटर हेल्पलाइन एप और निर्वाचन विभाग से जुडी अन्य एप्स की भी जानकारी दी गई। प्रदेश के सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों के लिए अंतिम मतदाता सूचियों का प्रकाशन अगले साल 6 जनवरी को किया जाएगा। इस बीच, उपचुनाव वाले क्षेत्रों में चल रही होम वोटिंग के दूसरे चरण का आज अंतिम दिन है।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विशेष अभियान के चौथे संस्करण की सराहना की। विशेष अभियान से सरकारी खजाने को वर्ष 2021 के बाद से कचरा बेचने से दो हजार 364 करोड़ रूपए के राजस्व सहित

महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त हुई है। श्री मोदी ने एक पोस्ट् में कहा कि अभियान की सफलता दर्शाती है कि सामूहिक प्रयासों से ठोस परिणाम हासिल किए जा सकते हैं और स्वच्छता तथा आर्थिक लाभ को प्रोत्साहन दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कुशल प्रबंधन और सक्रिय प्रयासों के अच्छे परिणाम प्राप्त हुए हैं।

0000

भारत के सात संस्थानों ने वैश्विक स्तर के शीर्ष 100 संस्थानों में स्थान हासिल किया है। क्यू.एस. वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग : एशिया 2025 ने दुनिया के शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों की सूची जारी की है। इस सूची में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–आई.आई.टी., दिल्ली 44वें स्थान पर है। आई.आई.टी., बॉम्बे 48वें नम्बर पर है। सूची में आई.आई.टी मद्रास, आई.आई.टी. खड़गपुर, आई.आई.टी. कानपुर और दिल्ली विश्वविद्यालय भी अपनी जगह बनाने में सफल रहे हैं। यह रैंकिंग पूर्वी, दक्षिणी, दक्षिण–पूर्वी और मध्य एशिया के 25 देशों के 984 संस्थानों के प्रदर्शन के आधार पर तैयार की गई है।

00000

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग कल से नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय के सहयोग से छह दिन का भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग कार्यकारी क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू करेगा। यह आयोजन सोलह नवम्बर तक चलेगा। इस कार्यक्रम में मालदीव, नेपाल, श्रीलंका और थाइलैंड समेत आठ देशों के राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य व्यक्ति भाग लेंगे। आयोग ने कहा है कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में मानवाधिकारों को प्रोत्साहन, संरक्षण और मजबूती देना है।

00000

प्रदेश में आज आंवला नवमी का पर्व पारंपरिक श्रद्धा भाव से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राजधानी जयपुर, टोंक, सवाईमाधोपुर सहित विभिन्न शहर कस्बो में महिलाओं ने आवंले के वृक्ष की पूजा कर घर परिवार में खुशहाली की कामना की और दानपुण्य किया। वहीं अजमेर जिले के पुष्कर में चल रहे मेले के दौरान आज विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और आंवला नवमी पर्व के मद्देनजर स्थानीय महिलाओं ने स्नान कर दानपुण्य किया।

.....

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को यह पर्व मनाया जाता है। मान्यता है कि कार्तिक शुक्ल पक्ष की नवमी से लेकर पूर्णिमा तक भगवान विष्णु आंवले के पेड़ में निवास करते हैं। एसी मान्यता है कि इस अवसर पर दान–पुण्य करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है।

00000

जयपुर के गणगौरी बाजार स्थित राजस्थान नेत्रहीन कल्याण संघ की ओर से ब्रेल पुस्तक विमोचन ओर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. रामावतार शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक 'प्रज्ञा नचन' के ब्रेल संस्करण का विमोचन किया गया। समारोह में संघ के रिसोर्स रूम का भी उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त महाधिवक्ता विज्ञान शाह और संघ से जुडे पदाधिकारी, शिक्षक और छात्र मौजूद रहे।

00000

राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–रीट के लिए आवेदन प्रक्रिया एक दिसम्बर से शुरू होगी। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर की ओर से आयोजित की जाने वाली यह परीक्षा अगले साल फरवरी महीने में होगी। परीक्षा संबंधी विस्तृत जानकारी 25 नवम्बर तक बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी की जाएगी। परीक्षा शुल्क पूर्व परीक्षा के समान ही रखा गया है।

00000

प्रदेश के ज्यादातर स्थानों पर रात के तापमान में कमी आने से सुबह शाम गुलाबी ठण्ड महसूस होने लगी है। वहीं दिन में अभी भी गर्मी का असर बना हुआ है। राज्य में बीते 24 घंटों में सबसे अधिक 37 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान बाडमेर में रिकॉर्ड किया गया। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार लगभग सभी स्थानों पर तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड किया गया है। सबसे कम 11 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस तापमान माउंट आबू में दर्ज किया गया। उदयपुर, जालौर और सीकर में रात का तापमान 15 डिग्री रहा। वहीं राजधानी जयपुर में भी पारा लुढ़क कर 19 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिन प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। कल बीकानेर संभाग में सुबह के समय कहीं–कहीं घना कोहरा छाया रह सकता है।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 नवम्बर को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 116वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 22 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

0000

प्रदेश में अलग–अलग हादसो में 6 लोगों की मृत्यु हो गई और 22 लोग घायल हो गए। जैसलमेर जिले के रामगढ क्षेत्र में कल देर रात गाय को बचाने के चक्कर में एक जीप बेकाबू होकर पलट गई। इस हादसे में एक ही परिवार के दो लोगों की मृत्यु हो गई और सात लोग घायल हो गए। वहीं ब्यावर जिले के बादनवाडा टोल के पास देर रात बस पलटने से एक युवक की मृत्यु हो गई और 15 लोग घायल हो गए। वहीं सवाईमाधोपुर जिले के मलारना डूंगर क्षेत्र में बनास नदी में मछली पकडने गये दो लोगो की डूबने से मौत हो गई। मृतक रिश्ते में चाचा–भतीजे थे। चित्तौडगढ जिले के गंगरार क्षेत्र में कुए में डूबने से एक युवक की मृत्यु हो गई। ये युवक मेवाड यूनिवर्सिटी का छात्र था।

00000